## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायत सचिव भागीरथी प्रधान निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत बुदबुदा अतिरिक्त प्रभार महाराजपुर, जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव भागीरथी प्रधान को ग्राम-बुदबुदा का गोठान व चारागाह कार्य प्रारंभ नहीं करने, मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु लेबर बढ़ाने व ग्राम पंचायत के कार्यों में रूचि नहीं लेने, उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों के दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण प्रथम दृष्टियां दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव भागीरथी प्रधान को कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला में अटैच किया गया है।

### आपसी विवाद में युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारा चाकू,अस्पताल में भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में चाकूबाजी की लगातार वारदातें हो रही है। एक एक शख्स को दौड़ा-दौड़ा कर चाकू से हमला किया है। खून से लथपथ युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी इलाज जारी है। मामला अश्वनी नगर इलाके की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक टिल्लू नामक युवक ने सुनील डड़सेना पर चाकू से जानलेवा हमला किया। आपसी विवाद के चलते आरोपित ने चाकू से हमला कर दिया। वहीं जान से मारने के लिए सडक़ पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से कई हमले किए। गंभीर रूप से घायल होने के बाद आरोपी मौके से फ रार हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची आजाद चौक पुलिस ने घायल को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी टिल्लू की तलाशी शुरू कर दी है।

### ट्रक की चपेट में आने से 2 की मौत 1 घायल

**जांजगीर/चांपा (आरएनएस)।** शिवरीनारायण क्षेत्र के देवरी मोड़ पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। हादसा रात करीब 09 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक उछलकर सडक़ पर जा गिरे। इसके बाद ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया, जबकि तीसरा दूर गिरने के कारण बच गया। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग निकला। मृतक युवकों में सागर यादव 19 वर्ष और रितेश खूंटे 18 वर्ष हैं। वहीं परमनाथ साहू 18 वर्ष घायल है। तीनों युवक देवरी के ही रहने वाले थे। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बिलासपुर- शिवरीनारायण मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काबू किया।

### तीन अंतरराज्यी ठग गिरफ्तार, एटीएम कार्ड व औटीपी नंबर पूछकर करते थे ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले में तीन अंतरराज्यीय ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये ठग एटीएम कार्ड व ओटीपी नंबर पूछ कर घटना को अंजाम देते थे। देश के कई राज्यों के लोगों से ठगी कर चुके है। पुलिस ने इन आरोपियों को झारखंड के धनबाद व बंगाल के आसनसोल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 नग मोबाइल कई एटीएम कार्ड पुलिस ने बरामद किया है। इन ठग के खिलाफ सीतापुर पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई की जा रही है।

### महिला की मिली लाश,पुलिस जुटी जांच में

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर से सटे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महिला की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने पालोद मोड़ के पास महिला की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। और लोगों से पूछताछ कर रही है।

# 'रेडियो जनदर्शन' में कलेक्टर भीम सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं

❖ अधिकारियों को समस्याओं के जांच एवं निराकरण के दिए निर्देश

❖ 9 मार्च को होगा अगला रेडियो जनदर्शन

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज रेडियो जनदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना। सीईओ जिला पंचायत डॉ. रवि मित्तल भी इस दौरान साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कोविड के मद्देनजर कलेक्टर सिंह द्वारा प्रारंभ किया गया रेडियो जनदर्शन का आज दूसरा प्रसारण था। जिसमें जिले भर के विभिन्न विकासखंडों के लोगों ने कॉल कर सीधा संवाद किया तथा अपनी समस्याओं को कलेक्टर से अवगत करवाया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए मौके से ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

इस दौरान बरमकेला की हिर्री गौठान की महिला समूह की ओर से शारदा मालाकार ने द्वारा पोल्ट्री फीड निर्माण मशीन की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने पोल्ट्री फीड मशीन उपलब्ध कराने की बात कही। बोंदा से सुजीत सिंह सिदार ने स्कूलों में बाउण्ड्रीवाल नहीं होने से पशु एवं असमाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत करते हुए स्कूल के लिए बाउण्ड्रीवाल बनवाने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर सिंह द्वारा स्कूल में जल्द बाउण्ड्रीवाल बनवाने का आश्वासन दिया। रायगढ़ शहर से सुधीर गुप्ता ने क्रेड़ा द्वारा लगाए जाने वाले सोलर पंप के आवेदन के बाद भी आज पर्यन्त नहीं लगाने की जानकारी कलेक्टर सिंह को दी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने मामले की जांच करवाकर शीघ्र पम्प लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह खरसिया ब्लाक के मकरी के रथराम राठौर द्वारा पैर टूटने एवं इलाज के लिए अर्थिक मदद की मांग की। जिस पर कलेक्टर सिंह द्वारा उनके



इलाज के लिए हर संभव मदद की बात कही। चिंतामणी पटेल द्वारा रोड के संकरे होने के कारण आवागमन में दिक्कत की बात रखी। इस पर कलेक्टर सिंह ने वहां व्यवस्थित रूप से शोल्डर वर्क करवाने के निर्देश दिए है।

भेड़ीमुडा(अ) निवासी सोहई भगत ने मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल के छत के जर्जर होने की बात कही। जिस पर कलेक्टर सिंह द्वारा मरम्मत करवाने की बात कही। इसी तरह रायगढ़ के निर्मल देवांगन द्वारा कोविड काल में किए गए कार्य के भुगतान की समस्या रखी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने भुगतान करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पण्डरीपानी पूर्व निवासी नेमलाल पटेल ने गांव के पंचायत एवं पीडीएस भवन जर्जर होने की बात कही। कलेक्टर सिंह द्वारा भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मिनकेतन पटेल ने तमनार विकासखण्ड के जिवरी तथा आसपास के गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से कलेक्टर सिंह को अवगत कराया। कलेक्टर सिंह ने इस पर वहां नेटवर्क ऑपरेटरों से चर्चा कर मोबाइल कवरेज की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया।

बता दें कि कोविड संक्रमण के मद्देनजर जिले के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर भीम सिंह द्वारा रेडियो जनदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें नागरिक निर्धारित तिथि व समय पर फोन कर कलेक्टर सिंह से सीधे अपनी समस्यायें बता सकते है। इस कार्यक्रम की तीसरी कड़ी की रिकार्डिंग 9 मार्च 2022 दिन बुधवार को किया जाएगा।

# शराबी पिता की पुत्र ने गला दबाकर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर ।** जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। उसने अपने पिता को इसलिए मार दिया क्योंकि वह आए दिन शराब पीकर झगड़ा करता था। इस बीच जब फि र से उसने झगड़ा किया तो बेटे ने गला दबाकर उसे मार डाला। वारदात को अंजाम देकर आरोपी झारखंड भाग गया था। मगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक 4 फरवरी को पुलिस को पता चला था कि केराकछार गोर्रापारा गांव में संदिग्ध हालत में रामप्रसाद पायलेट 42 वर्ष की लाश पड़ी हुई है। जबकि एक दिन पहले तक वह सही था। उसके पड़ोसियों ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। साथ ही शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। पुलिस को जांच में पता चला कि रामप्रसाद शराब तो पीता ही था। इसके अलावा वो घर में झगड़ा भी करता था। इसलिए पुलिस ने उसके परिजनों से पूछताछ की थी। पुलिस को जांच में पता चला कि रामप्रसाद के व्यव्हार के चलते उसका बेटा नीरज पायलेट 21 वर्ष भी उसके साथ नहीं रहता है। नीरज अपनी मां को लेकर दूसरे घर में रहता है। रामप्रसाद अकेले ही घर पर रहता था। इस बीच पुलिस को पीएम रिपोर्ट भी मिल गई। जिसमें पुलिस को पता चला कि उसकी हत्या की गई है। रामप्रसाद को गला दबाकर मारा गया है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने जांच और तेज की तो पता चला कि घटना के दिन से उसके बेटा नीरज गायब है। इसी पर पुलिस को नीरज पर शक हुआ तो पुलिस ने नीरज की तलाश शुरू की। तलाश करने पर पुलिस को पता चला कि नीरज झारखंड के छतरपुर में है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया।

# छत्तीसगढ़ में मिलेट फसलों को बढ़ावा देने हो रही समर्थन मूल्य पर खरीदी

❖ अब तक 8 करोड़ मूल्य के 25 हजार 249 क्विंटल मिलेट फसलों की हो चुकी खरीदी

❖ कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी 15 फरवरी तक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। अब तक लगभग 8 करोड़ रूपए मूल्य की 25 हजार 249 क्विंटल कोदो, कुटकी तथा रागी की खरीदी हो चुकी है। इनमें 22 हजार 106 क्विंटल कोदो, 01 हजार 361 क्विंटल कुटकी और 01 हजार 782 क्विंटल रागी शामिल है। राज्य के वन क्षेत्रों के आसपास निवासरत वनवासियों के द्वारा परम्परागत रूप से कोदो, कुटकी तथा रागी जैसे मिलेट फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी करने का निर्णय लिया है। इसके तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि राज्य में अब एक दिसम्बर 2021 से 15 फरवरी 2022 तक चलने वाले इस खरीदी अभियान के तहत वनवासियों-किसानों से कोदो तथा कुटकी का समर्थन मूल्य 30 रूपए प्रति किलोग्राम तथा रागी का समर्थन मूल्य 33.77 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज पिंगुआ ने बताया कि इनकी खरीदी का कार्य वर्तमान में राज्य के समस्त प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहा है। प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी और रागी फसलों की खरीदी के लिए समयावधि 15 फरवरी 2022 तक बढ़ा दी गई है। इसके पहले इन फसलों की खरीदी के लिए 31 जनवरी तक की तिथि निर्धारित थी। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा होने के कारण मिंजाई में हुई देरी के फलस्वरूप किसानों के हित में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

# मछली पालन से चैतन को मिला रोजगार, आया जीवन स्तर में बदलाव

**रायगढ़।** शासन की योजना से ग्रामीण आजीविका और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे है। जिससे लोग स्वयं का रोजगार अपनाकर अपने परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभा पा रहे हैं। विकासखंड तमनार के ग्राम केशरचुंवा के चैतन राम राठिया पूर्व में मत्स्याखेट तक सीमित थे। जिससे उन्हें प्रतिदिन आखेट पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उनके पूरे परिवार को आर्थिक समस्याओं से जुझना पड़ता था। लेकिन आज शासन की योजना और प्रोत्साहन से राठिया द्वारा 12 सदस्यों का मछुआ समूह बनाकर शासकीय तालाब को 10 वर्षीय पट्टे पर लेकर मछली पालन प्रारंभ किया गया। जिससे आज राठिया को स्थायी आय का साधन निर्मित हो चुका है और उनका



पूरा परिवार खुशहाल है।

मछुआ समूह को मछली पालन के माध्यम से स्वालंबन हेतु तालाब को समूह को 10 वर्षीय पट्टे का आबंटन दिया गया। जिसमें समूह अब मछली पालन कर रहे है। समूह द्वारा 15 से 20 हजार की उन्नत किस्म के मछली बीज का संचयन किया जा रहा हैं। जिसमें मछली पालन विभाग द्वारा समूह को मछली पकडऩे एवं मछली बेचने के लिए जाल व आइस बॉक्स प्रदान किया गया। मछली उत्पादन में साल में तीन बार अप्रैल, मई व जून में मत्स्याखेट का कार्य किया जाता है। जिसे स्थानीय व साप्ताहिक बाजार में विक्रय हेतु 80 से 90 किलो ग्राम मछली निकालकर 150-200 प्रति किलो की दर से विक्रय किया जाता हैं। जिससे प्रत्येक सप्ताह 15 से 20 हजार रुपये आय प्राप्त होती थी। इसी प्रकार साल भर में 9 से 10 क्विंटल तक का मत्स्य उत्पादन किया जा रहा है। जिससे समूह को सालाना डेढ़ से दो लाख रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है। समूह का कहना है आय बढऩे से मछुआरा समूह के सदस्यों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। आय बढऩे से समूह के सदस्यों को अपने परिवार के भरण-पोषण में आसानी हो रही है एवं वे अपने बच्चों को भी उच्च शिक्षा दिला पा रहे है।

# जिले में मनरेगा अंतर्गत पिछले वर्ष से अधिक मानव दिवस हुए सृजित

❖ विभागीय उपसचिव ने पंचायतों में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसचिव अशोक चौबे के द्वारा जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत कुधरी तथा जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत कर्राकोट व पड़कीडीपा में मनरेगा योजनांतर्गत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। उक्त पंचायत का चयन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक मानव दिवस सृजित होने के कारणों की जांच निरीक्षण करने हेतु किया गया।

श्री चौबे द्वारा सारंगढ़ विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुधरी ग्राम पंचायत के मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य लोक सेवा केन्द्र से कटेकोनी सीमा तक एवं डबरी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। बरमकेला विकास खण्ड अतंर्गत ग्राम पंचायत कर्राकोट के नया तालाब निर्माण



कार्य तथा ग्राम पंचायत पड़कीडीपा के एफआरए अंतर्गत धनीराम/पदुमलाल भूमि समतलीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया है। जिसमें वर्तमान में नियोजित मजदूरों की संख्या, मजदूरों का मांग पत्र, भुगतान हुये औसत मजदूरी दर एवं गोदी का साईज के संबंध में ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक से जानकारी लिया गया है। कार्यस्थल पर नागरिक सूचना पटल का निर्माण किया गया है। ग्राम पंचायत के 7 पंजियों का निरीक्षण भी किया गया एवं आज दिनांक तक सभी पंजियों को अद्यतन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित रोजगार सहायक एवं मेट को दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में अधिक मानव दिवस सृजित होने का मुख्य कारण कोविड काल में मजदूरों का पलायन रूकने से ग्रामीणों में रोजगार की मांग में वृद्धि हुई एवं सामुदायिक कार्य के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के हितग्राहीमूलक कार्य स्वीकृत होने, माइक्रो लेवल का प्लानिंग करने, सिक्योर सॉफ्टवेयर के माध्यम से कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया आसान होने इत्यादि के कारण ग्राम पंचायत में अधिक मजदूरी मूलक कार्य कराये गये। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में स्टेट प्रोग्रामर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. सारंगढ़ एवं बरमकेला सहायक परियोजना अधिकारी जि.पं. रायगढ़, तकनीकी समन्वयक जि.पं. रायगढ़, जिला प्रोग्रामर, अनुविभागीय अधिकारी ग्रा. यां.से.,सारंगढ़, एवं बरमकेला कार्यक्रम अधिकारी ज.पं. सारंगढ़, एवं बरमकेला संबंधित तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मेट एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित हुये।

# फेसबुक पर दोस्ती कर शादी शुदा व्यक्ति ने किया युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा से शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, युवक पहले से शादीशुदा था। उसने युवती से फेसबुक के जरिए दोस्ती की और उसके साथ प्यार करने का नाटक किया। उसकी असलियत सामने आने के बाद युवती ने उसके खिलाफ केस दर्ज करा दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक तखतपुर के वार्ड क्रमांक 4 पड़रिया रोड में रहने वाला धर्मेंद्र टंडन शादीशुदा है। उसने करीब साल भर पहले कॉलेज छात्रा 28 साल की युवती से फेसबुक के जरिए दोस्ती की। फिर दोनों आपस में बातचीत करने लगे। युवक अपनी शादी की बात छिपाकर उससे प्यार का इजहार किया। युवती भी उसकी बातों में आकर उससे प्यार करने लगी।

इस दौरान उससे शादी करने का वादा कर युवक ने एक साल पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद से लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। कॉलेज छात्रा को कुछ दिन पहले ही धर्मेंद्र के शादीशुदा होने की जानकारी हुई। इसके बाद वह मानसिक तनाव में आ गई। युवक के धोखेबाजी से परेशान होकर इसकी जानकारी उसने परिजन को दी। मामला सामने आने पर परिजन से सलाह लेकर वह शिकायत लेकर थाने पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# राज्य सरकार की गलत नीति के कारण खाद की कमी से जूझ रहे प्रदेश के किसान-कौशिक

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता धरमलाल कौशिक ने डीएपी खाद को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ सरकार की गलत नीतियो के कारण आज प्रदेश के किसान खाद की कमी से जूझ रहे है। प्रदेश में खाद की कालाबाजारी भी जोरो पर है जिससे किसानों को अधिक दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। सरकार को कालाबाजारी पर रोक लगाने उचित कदम उठाना चाहिए।



श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कभी भी प्रदेश में डीएबी और यूरिया को कभी किसानों को रबी फसल को लेकर दिक्कत नहीं आई और ना ही खाद की आवश्यकता कम पड़ी, जितना चाहे उतनी मिल जाती थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लगातार खाद का संकट गहरा रहा है। बरसात के मौसम से लेकर गर्मी में भी अभी तक किसान खाद की कमी से तकलीफ में है।

नेताप्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में खाद की कालाबाजारी हो रही है, राज्य सरकार का काम है इस पर लगाम लगाना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते रही है जबकि प्रदेश में खाद की कमी के लिए प्रदेश सरकार की गलत नीति है। उन्होंने कहा कि जिस समय डिमांड भेजना चाहिए, उपलब्ध कराना चाहिए राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जाता। केवल केन्द्र सरकार पर आरोप लगाना जानती है। उन्होंने कहा कि गर्मी में भी खाद की कालाबाजारी हो रही है जो किसानों पर दोहरा मार है। सरकार को कालाबाजारी पर रोक लगाने के साथ किसानों को सही दाम पर खाद उपलब्ध कराना चाहिए।

# सौ दिवसीय पठन एवं गणितीय कौशल विकास अभियान के पांचवें सप्ताह में हमारे नायक चुने गए निरंजन पटेल

❖ मुस्कान पुस्तकालय का उपयोग करते हुए बच्चों में पठन कौशल के विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य किया

**रायगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट सीजी स्कूल डॉट इन पढ़ई तुंहर दुआर पोर्टल में 100 दिवसीय पठन एवं गणितीय कौशल विकास अभियान के पांचवे सप्ताह में शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार, संकुल बोजिया, विकासखण्ड धरमजयगढ़ के सहायक शिक्षक एलबी निरंजन पटेल हमारे नायक चुने गए हैं।



सीजी स्कूल डॉट इन में हमारे नायक एक नए फॉर्मेट में प्रारंभ किया गया था, जिसमें कोविड-19 के दौरान बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों के कार्यों को सभी के साथ साझा करने एवं बेहतर कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारे नायक का कालम शुरू किया गया था। इसमें बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं समुदाय के सदस्यों के दो-दो ब्लॉग प्रतिदिन शामिल किए गए थे। लंबे समय से संचालित हो रहे कार्यक्रम के स्वरूप में थोड़ा बदलाव करते हुए हमारे नायक एक अगले चरण में 100 दिनों के अभियान में बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों के वीडियो साझा किए गए थे। 100 दिन अर्थात 14 सप्ताह के इस कार्यक्रम के नए स्वरूप में प्रति सप्ताह के लिए निर्धारित लक्ष्य को सीखने में सहयोग देने हेतु गतिविधियों में जिन शिक्षकों की वीडियो सर्वश्रेष्ठ होगी उन शिक्षकों का हमारे नायक में चयन किया जाना था। इसी अनुक्रम में सहायक शिक्षक एलबी निरंजन पटेल ने पांचवें सप्ताह स्तर-2 में पठन कौशल हेतु शाला के मुस्कान पुस्तकालय का उपयोग कर प्रत्येक छात्र को पुस्तक उपलब्ध कराके अपने घर ले जाने का अवसर प्रदान करते हुए साथ ही गणितीय कौशल हेतु लंबाई, दूरी एवं वजन के आधार पर अमानक इकाई का उपयोग कर खेल-खेल में अनुमान लगवाकर उसका अभ्यास करवाया। यहां के बच्चे मुस्कान पुस्तकालय का उपयोग करते हुए अपनी मनपसंद पुस्तकों को पढऩे लगे हैं। पांचवें सप्ताह की थीम में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य हेतु निरंजन पटेल को हमारे नायक चुना गया। विदित हो कि इसके पूर्व भी 29 मई 2020 को सीजी पोर्टल पर सबसे ज्यादा वीडियो अपलोड करने पर जिले में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए निरंजन पटेल ने हमारे नायक कालम में पूर्व में भी अपना स्थान सुनिश्चित किया था।

श्री निरंजन पटेल कहते है कि जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा रमेश देवांगन छात्रहित में बच्चों तक शिक्षा अनवरत व रुचिकर ढंग से पहुंचाने व इस तरह सतत् कार्य करते रहने में मेरे प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। जिनकी वजह से यह सब संभव हो पाया। मेरी इस सफलता में असली नायक मेरे बच्चे हैं। हम सब मिलकर एक टीम के रुप मे कार्य करते है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480